हरिभूमि
# कोरबा भूमि
बिलासपुर, रविवार 21 सितंबर 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

ORA MAKERS
Own your real asset.

# A NEW ADDRESS *of* LUXURY & LIFESTYLE.

Bilaspur's Most Awaited Premium Township of DEVELOPED PLOTS and 2, 3, 4 & 5 BHK ROYAL BUNGALOWS



Artist's Impression



Artist's Impression

Grand Entrance – A majestic welcome every day



Artist's Impression

Beautiful Temple – A serene spiritual retreat



Artist's Impression

Landscaped Gardens & Water Features – Nature-inspired living

## SPECIAL FEATURES & WORLD-CLASS AMENITIES

Discover a township that is built to inspire and designed to last.
Every feature is carefully curated to provide you with comfort, security and joy.

- Modern Garden Spaces – Thoughtfully planned for leisure
- Elegant Clubhouse - Designed for recreation and togetherness
- Fully Equipped Gymnasium – Stay fit and active
- Lavish Swimming Pool with Kids' Pool – Fun for all ages

New Town
*Own it!*

FOR DETAILED INFORMATION:

98931 13444/ 98931 28333

Shrine +91 98337 11720

New Town, Beside Kanan Pendari Zoological Garden, 4386 + 5FR Sakri, Mungeli Road, Bilaspur (C.G.)

Rera no. PCGRERA190925001968
www.rera.cgstate.gov.in

## खबर संक्षेप

### जीफसा कोरबा का एक और कीर्तिमान, छात्रों का हो रहा चयन



**कोरबा।** सेंट जोसेफ इंटरनेशनल फायर एंड सेफ्टी अकैडमी (जीफसा) ने एक बार फिर अपने उत्कृष्ट प्रशिक्षण और मजबूत प्लेसमेंट प्रणाली से सफलता की नई ऊंचाइयों को छुआ है। यहां के प्रतिभाशाली छात्रों का चयन देश की प्रतिष्ठित औद्योगिक कंपनियों में सेफ्टी ऑफिसर के पद पर हुआ है। इस कोर्स के बाद छात्रों को 25 हजार से 35 हजार रुपये तक का प्रारंभिक वेतन मिल रहा है, साथ ही आवास, भोजन, यात्रा भत्ता, मोबाइल भत्ता जैसी सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं। यह कोर्स ऑफलाइन, ऑनलाइन और पूर्णतः आवासीय (रेजिडेंशियल) स्वरूप में उपलब्ध है। संस्थान द्वारा हॉस्टल और मेस की समुचित व्यवस्था भी की जाती है, जिससे छात्रों को पढ़ाई के दौरान पूर्ण सुविधा मिल सके। चयनित होने वाले प्रमुख छात्रों में सुवजीत दास, शत्रुघ्न चौहान, मंटू कुमार और रेहान मंसूरी शामिल हैं।

### नीलिमा हुई कलावशिष्ठ सम्मान से सम्मानित



**बालको।** बिलासपुर में आयोजित प्रणवम महोत्सव में जैन पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का गौरव बढ़ाया। इस अवसर पर विद्यालय की संगीत शिक्षिका एवं स्वर साधना एकेडमी की संस्थापिका श्रीमती नीलिमा जायसवाल को संगीत के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान हेतु कलावशिष्ठ सम्मान से सम्मानित किया गया। महोत्सव में विद्यालय के बालक एवं बालिका समूह गायन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने विभिन्न श्रेणियों में भी उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कीं। जिनमें जूनियर श्रेणी बालक समूह गायन प्रथम, सीनियर श्रेणी बालिका समूह गायन प्रथम, तानिश्का डांगे तृतीय स्थान एकल शास्त्रीय गायन, मोहम्मद खान तृतीय, शिवाय अग्रवाल द्वितीय स्थान सब-जूनियर, सेमी क्लासिकल, दक्षिता चन्द्रा द्वितीय स्थान सब-जूनियर शास्त्रीय गायन, स्वर साधना एकेडमी की उपलब्धियां छायांक चन्द्रा प्रथम स्थान, विदित सिंह राजपूत द्वितीय स्थान, सागरिका सिंह द्वितीय स्थान पर रहे।

### शिक्षक-अभिभावक बैठक का हुआ आयोजन



**बरपाली।** धनीराम मेमोरियल पब्लिक स्कूल तूमान रोड, बरपाली, कोरबा में शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, अनुशासन, उपस्थिति और समुचित विकास पर चर्चा करना था। बैठक में प्रधानाचार्य डॉ दिलीप कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि विद्यार्थियों के समुचित विकास के लिए शिक्षक और अभिभावकों के बीच समन्वय अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि यह बैठक इस उद्देश्य से की जा रही है कि हमारे छात्र व छात्राएं शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों को भी आत्मसात करें। शिक्षकों ने अभिभावकों के साथ व्यक्तिगत चर्चा कर सुझाव साझा किए। अभिभावकों ने भी शिक्षा पद्धति व व्यवहार को लेकर प्रश्न पूछे व सुझाव दिए। बैठक में छात्रों की समस्याओं, कैरियर मार्गदर्शन तथा भविष्य की योजनाओं पर भी चर्चा की गई। अभिभावकों ने विद्यालय द्वारा उठाए गए इस सराहनीय कदम की प्रशंसा की और भविष्य में इस प्रकार की बैठकों के नियमित आयोजन की मांग की।

### कोरबा से डोंगरगढ़ एवं मैहर हेतु दुर्गा पूजा विशेष ट्रेन चलाने की मांग

**कोरबा।** दुर्गा पूजा एवं नवरात्रि पर्व के अवसर पर हजारों श्रद्धालु कोरबा व आसपास के क्षेत्रों से डोंगरगढ़ स्थित माँ बम्लेश्वरी मंदिर तथा मैहर स्थित माँ शारदा देवी मंदिर की यात्रा करते हैं। वर्तमान में कोरबा से इन दोनों प्रमुख तीर्थ स्थलों के लिए कोई सीधी रेल सेवा उपलब्ध नहीं है। यात्रियों को मजबूरीवश चांपा अथवा बिलासपुर होकर यात्रा करनी पड़ती है, जिससे समय और धन दोनों की बर्बादी होती है तथा काफी असुविधा का सामना करना पड़ता है। इस स्थिति को देखते हुए श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं का सम्मान करते हुए तथा बढ़ते यात्री दबाव को ध्यान में रखते हुए डिविजनल रेलवे मैनेजर, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन में कोरबा से डोंगरगढ़ के लिए दुर्गा पूजा, नवरात्रि विशेष ट्रेन चलाई जाए, कोरबा से मैहर के लिए दुर्गा पूजा, नवरात्रि विशेष ट्रेन चलाई जाए।

## आयुक्त ने अभियान में शामिल होकर अधिकारी कर्मचारियों का किया मार्गदर्शन

# स्वच्छता लक्षित इकाइयों में चलाया गया स्वच्छता अभियान



स्वच्छता अभियान के दौरान निगम आयुक्त एवं अन्य।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत नगर निगम द्वारा शहर स्थित विभिन्न स्वच्छता लक्षित इकाईयों में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया। आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने अभियान में शामिल होकर अधिकारी कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया, अभियान के अंतर्गत इन विभिन्न स्थलों पर बृहद रूप से साफ-सफाई के कार्य किए गए।

स्वच्छ भारत मिशन शहरी-2.0 के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्रांतर्गत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान का संचालन किया जा रहा है तथा प्रतिदिन विभिन्न स्थलों पर बडे.पैमाने पर साफ-सफाई के कार्य एक अभियान के रूप में कराए जा रहे हैं। अभियान की इसी कड़ी में शनिवार को नगर निगम द्वारा निगम क्षेत्र में स्थित विभिन्न स्वच्छता लक्षित इकाईयों के स्थल पर स्वच्छता अभियान चलाया गया, इस दौरान इन स्थलों पर बृहद स्तर पर साफ-सफाई का कार्य किया गया एवं एकत्रित कचरे का तुरत उठाव व परिवहन का कार्य कर स्थलों को साफ-सुथरा बनाया गया। आयुक्त श्री पाण्डेय ने अभियान में शामिल होकर स्वच्छता कार्यों में अपनी सहभागिता दी तथा अधिकारी कर्मचारियों का मार्गदर्शन किया। इस अवसर पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, जोन कमिश्नर भूषण उरांव व अखिलेश शुक्ला, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, लेखाधिकारी भवकांत नायक, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा, सहायक राजस्व अधिकारी सुमित गुप्ता, वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक सुनील वर्मा, पीआईयू पंकज गभेल व धनमोहन रात्रे सहित अन्य लोग उपस्थित थे। श्री आशुतोष ने अधिकारियों की टीम के साथ घंटाघर स्थित ओपन थियेटर मैदान एवं वहाँ पर प्रस्तावित रामलीला मेला व दशहरा उत्सव आयोजन के स्थल का निरीक्षण किया।

### स्वच्छता ही सेवा अभियान का हुआ आगाज : महापौर



केन्द्र सरकार की महती योजना स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 का आगाज हुआ। महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत, आयुक्त आशुतोष पाण्डेय सहित निगम के पार्षदों, जनप्रतिनिधियों, नागरिकों व निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने महाराणा प्रताप उद्यान में स्वच्छता अभियान चलाते हुए साफ-सफाई का कार्य किया, इस दौरान महापौर ने लोगों को स्वच्छता शपथ ग्रहण कराई। राज्य शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के अनुरूप भारत सरकार की महती योजना स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के अंतर्गत राज्य के अन्य सभी नगरीय निकायों के साथ-साथ नगर निगम क्षेत्र में भी स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 का बुधवार से शुभारंभ हुआ। निगम के कोसाबाड़ी जोनांतर्गत स्थित महाराणा प्रताप उद्यान में आयोजित स्वच्छता ही सेवा अभियान कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत ने अभियान की शुरूआत कराई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितम्बर से प्रारंभ हुआ यह स्वच्छता ही सेवा अभियान 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक संचालित होगा। यह अभियान प्रतिवर्ष 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक आयोजित किया जाता है, जिसका प्रमुख उद्देश्य आमनागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना, स्वच्छता के प्रति स्वामित्व की भावना को प्रोत्साहित करना तथा अभियान को जनभागीदारी एवं स्वेच्छिक सेवा के माध्यम से सशक्त करना हैं। कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती राजपूत, निगम आयुक्त श्री पाण्डेय ने झाडू लेकर सफाई का कार्य किया। वहीं इस मौके पर निगम की मेयर इन काउंसिल के सदस्य हितानंद अग्रवाल, पार्षद चन्द्रलोक सिंह, लक्ष्मण श्रीवास, अपर आयुक्त विनय मिश्रा, अधीक्षण अभियंता सुरेश बरूआ, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ.राजीव सिंह, देवेन्द्र पाण्डेय, योगेश जैन, डॉ.राजेश राठौर, राकेश अग्रवाल, अजय विश्वकर्मा, दिनेश वैष्णव, मंजू सिंह, सहित काफी संख्या में उपस्थित नागरिकों ने साफ-सफाई कार्यों में अपनी सहभागिता देते हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान में हिस्सा लिया।

### सेवा पखवाड़ा के तहत नशामुक्ति मैराथन, महापौर ने दिलाई शपथ

**कोरबा।** समाज कल्याण विभाग द्वारा शनिवार को सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत नशामुक्ति मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन का शुभारंभ महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने घंटाघर निहारिका से हरी झंडी दिखाकर किया। यह दौड़ निर्मला स्कूल कोसाबाड़ी तक आयोजित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं, आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने भाग लिया। इस अवसर पर महापौर राजपूत ने कहा कि नशा हमारे भविष्य को बर्बाद करता है। युवा पीढ़ी को शिक्षा और अच्छे संस्कारों को अपनाते हुए नशे से दूर रहना चाहिए। इसी संदेश को लेकर यह मैराथन आयोजित की गई है। मैराथन से पहले महापौर ने उपस्थित छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और नागरिकों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में समाज कल्याण विभाग के उप संचालक हरीश सक्सेना, डीईओ टीपी उपाध्याय, खेल अधिकारी राम कृपाल साहू, परिवीक्षा अधिकारी मुकेश दिवाकर, जावेद अख्तर, शनिलाल साहू, पुलिस विभाग सहित अनेक अधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे।

# सकारात्मक खबरों के साथ सामाजिक सरोकारों में भी अव्वल है हरिभूमि



विजेता पाठक को पुरुस्कृत करते पुष्पक इलेक्ट्रानिक के संचालक राकेश रमानी

**खास बात**

- उपहार योजना में बालको नेहरू नगर के पाठक ने जीता मिक्सी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

हरिभूमि समाचार पत्र सकारात्मक खबरों के संकलन के साथ ग्रामीण पृष्ठभूमि के महत्वपूर्ण खबरों को प्रकाशित करता है। ग्रामीण परंपरायें और तीज त्यौहारों के खबरों के बेहतर ढंग से प्रस्तुत किया जाता है। एक तरह से यह अखबार विविध खबरों का संकलन है।

उक्त बातें हरिभूमि उपहार योजना के तहत मिक्सी पुरुस्कार जीतने वाली बालको के नेहरु नगर निवासी गुलापा बाई ने कही। उनका कहना था कि बीते दस वर्षों से उनका परिवार हरिभमि अखबार पढ़ते आ रहे हैं। इस अखबार के अलावा कोई अन्य अखबार की ओर उनका रुझान नहीं गया है। खबरों को लेकर हरिभूमि में जिस तरह से संकलन रहता है उससे शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों की जन समस्याएं महिलाओं से संबंधित तीज त्यौहार और चौपाल जैसे संस्करण पढ़ने लायक नहीं है। जिसमें बड़े ऐतिहासिक महत्वपूर्ण स्थलों का चित्रण रहता है जिसके लिए हरिभूमि की समाचार क्षेत्र में एक अलग पहचान बनी हुई है और इसलिए ही उनका परिवार हरिभूमि का अखबार पढ़ते आ रहे हैं। इसकी उपहार योजना से आमलोगों को जोड़ने का मौका मिला है।

# लापता नाबालिग लड़की की खोजबीन को लेकर खोला मोर्चा, सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना ने एसपी से कार्यवाही की रखी मांग



ज्ञापन सौंपने जाते छत्तीसगढ़ी क्रांति सेना के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

दीपका क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की के अपहरण का मामला अब गरमाता जा रहा है। लगभग दो माह बीतने के बावजूद सुस्त कार्रवाई से आक्रोशित एक गैर-राजनीतिक संगठन ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर त्वरित जांच और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि लड़की की सुरक्षित बरामदगी नहीं हुई, मामला उच्च न्यायिक एवं मानवाधिकार संस्थानों तक पहुंचाया जाएगा।

जानकारी के अनुसार 19 जुलाई को दीपका के विजयनगर इलाके से एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की का अपहरण कर लिया गया। आरोपी जो बिहार के सहरसा जिले के बनगांव थाना क्षेत्र का निवासी है, नल जल योजना के तहत मजदूरी के लिए विजयनगर आया था। उसने विश्वास का फायदा उठाकर लड़की को भगा लिया। पीड़ित परिवार ने 21 जुलाई को ही दीपका थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई, लेकिन दो माह बाद भी कोई ठोस प्रगति नहीं हुई। परिवार के सदस्यों का कहना है कि उन्हें लड़की से दो-तीन बार फोन पर बात करने का मौका मिला, लेकिन हर बार फोन छीन लिया गया। परिवार को गंभीर आशंका है कि लड़की को मानव तस्करी के जाल में फंसा दिया गया है और उसकी जान को खतरा है। परिजनों ने बताया कि हमारी बेटी की जिंदगी दाव पर लगी है। पीड़ित परिवार ने खुद बिहार के सहरसा जिले के बनगांव थाने का दौरा किया, जहां लड़की की तलाश भी की गई। लेकिन वहां उन्हें सहयोग के बजाय धमकी मिली। परिवार को सलाह दी गई कि वे पुलिस के साथ आएं, तभी उनकी सुरक्षा संभव होगी। यह घटना न केवल परिवार के लिए गंभीर है, बल्कि कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना गैर राजनीतिक संगठन, जो छत्तीसगढ़िया हितों और संस्कृति और समाज में अन्याय-शोषण के खिलाफ सक्रिय है, ने इस मामले को लेकर अब पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। पत्र में चेतावनी देते हुए कहा गया है कि यदि तत्काल कार्रवाई नहीं हुई, तो संगठन पीड़ित परिवार और स्थानीय समुदाय के साथ मिलकर एसपी कार्यालय का घेराव करेगा। साथ ही, मामला छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग, राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग तक ले जाया जाएगा।

# हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में सरस काव्य गोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



गोष्ठी में शामिल साहित्यकार एवं कवि।

साहित्य भवन में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी तामेश्वर प्रसाद उपाध्याय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता साहित्य समिति के संरक्षक जनाब यूनुस दानियालपुरी ने की।

मंच पर समिति के संरक्षक मुकेश चतुर्वेदी, कमलेश कुमार यादव, अध्यक्ष दिलीप अग्रवाल, सचिव डॉ. कृष्ण कुमार चंद्रा, उद्गार काव्य समिति के संरक्षक एमआर राव तथा वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गिरिजा शर्मा की उपस्थिति रही। काव्य गोष्ठी में सरस काव्य पाठ प्रस्तुत करने वाले साहित्यकारों में यूनुस दानियालपुरी, कमलेश यादव, मुकेश चतुर्वेदी, दिलीप अग्रवाल, डॉ. कृष्ण कुमार चन्द्रा, बलराम राठौर, जीतेन्द्र वर्मा खैरझिटिया कविता जैन, लक्ष्मीकांत वैष्णव मनलाभ, अनुसूइया श्रीवास, लता चन्द्रा, वीणा मिस्त्री, वीणा ग्वाल, मधुलिका दुबे, संतोष चौहान, डॉ. गिरजा शर्मा, विनोद कुमार सिंह, जगदीश श्रीवास, रश्मि श्रीवास, मनीष मुसाफिर, रसीदा बानो, संतोष मिरी, प्रतिभा साहारे, श्रीमती अर्चना साहू, प्रभात शर्मा, सूर्यकांत साव, यामिनी गिरीधर, श्रीमती रामकली कारे, भरत साहू, दुर्गा प्रसाद श्रीवास, जनक दुलारी श्रीवास, डिकेश्वर साहू, नवल कुमार जोशी, सरस्वती राजेश साहू, घनश्याम श्रीवास, सरस्वती श्रीवास, पुष्पा शांडिल्य, कौशिल्या खुराना, अहिबरन पटेल, श्रीमती जमुना देवी गढ़ेवाल, देवब्रत कुर्रे, भारती चौरसिया, घनश्याम तिवारी, नीलू चौधरी, एम. आर. राव, आर. एल. पात्रे, एस. के. तिवारी, घनश्याम तिवारी, किरण सोनी, शिव साहू, क्षितिज श्याम सिंह, लखनी साहू एवं निर्मला ब्राहम्णी शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कृष्ण कुमार चंद्रा, जितेन्द्र कुमार वर्मा खैरझिटिया एवं श्रीमती कविता जैन द्वारा किया गया।

# विद्युत वितरण केंद्र हरदीबाजार में किया गया विश्वकर्मा विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



विद्युत वितरण केंद्र हरदीबाजार में भगवान देव शिल्पी बाबा विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापित कर विधिवत पूजा पाठ किया गया। तत्पश्चात 18 सितंबर को वितरण कर विद्युत विभाग वितरण केंद्र के अधिकारी, कर्मचारियों ने गाजे-बाजे के साथ बाबा विश्वकर्मा का विसर्जन लीलागर नदी में किया गया। इस दौरान कनिष्ठ अभियंता भूपेंद्र राठौर, गिरवर सिंह लाइनमैन, अनिलेश राम, मनीष राठौर, कीर्तन राठिया, वीरेंद्र पटेल, रविंद्र सिंह, कमल सिंह, रोशन सिंह, लक्ष्मी राठौर, जोहन नीलमर्कर, परमजीत मरकाम, दशरथ देवार, आकाश यादव, यशवंत, राजेश राज, राकेश श्याम, रामप्रसाद मरकाम सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अग्रसेन जयंती पूर्व विभिन्न आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा





कार्यक्रम में शामिल अग्र बंधु।

अग्रसेन जयंती के पूर्व म्युजिक हॉउजी का आयोजन किया गया। जिसमें समाज की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें प्रतिभागियों को पुरुस्कृत किया गया। अग्रवाल सभा के अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, सचिव गोपाल अग्रवाल, कार्यक्रम संचालक और नवयुवक मंच के पूर्व अध्यक्ष विकास अग्रवाल, अग्रसेन जयंती कार्यक्रम अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल, नवयुवक मंच के अध्यक्ष अंकित केडिया और प्रियम अग्रवाल, उत्कर्ष अग्रवाल, उत्तम अग्रवाल, संजय अग्रवाल, दयाशंकर पालीवाल, प्रतीक केडिया, मोहित सिंघल, पीयूष अग्रवाल उपस्थित थे। 22 सितंबर को महाराजा श्री अग्रसेन की जयंती पर शोभा यात्रा 3 बजे सीतामणी चौक स्थित रोहतास अग्रवाल के निवास से अग्रसेन कॉलेज के लिए प्रस्थान करेगी। इस दौरान झाकियां, अग्रजनों द्वारा विशाल शोभा यात्रा निकाली जाएगी।

### जल जीवन मिशन के पूर्ण कार्यों का करायें सत्यापन

**कोरबा।** कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत जिले में स्वीकृत कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने पीएचई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि जिल गांवों में कार्य पूर्ण कर लिया गया है, उनका सत्यापन कर ग्रामीणों को समय पर पेयजल आपूर्ति करना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधूरे कार्यों की जानकारी लेते हुए इन कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की बैठक में कलेक्टर अजीत वसंत ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रगतिरत सभी कार्यों को गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने एकल ग्राम और समूह नलजल प्रदाय योजना की समीक्षा की और पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक अंतर्गत एतमानगर मल्टीविलेज जल आपूर्ति योजना में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश देते हुए पाइप लाइन बिछाने के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

**न्यायालय अपर कलेक्टर कोरबा एवं विवाह अधिकारी, जिला-कोरबा (छत्तीसगढ़)**

**// ईश्तहार //**

क्र./12214/वाचक/विवाह अधि. कोरबा/2024-25
कोरबा, दिनांक 17/09/2025
प्र.क्र.-202508052900001/11/ब-121/24-25
ग्राम- कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.)

आवेदक (वर) गनेश राम पिता चरन कुमार, उम्र-25 वर्ष, अविवाहित, जाति- तेली (अन्य पिछड़ा वर्ग), पता ग्राम-लवसरा, थाना सक्ती, जिला-सक्ती (छ०ग०) एवं आवेदिका (वधु) पिंकी सिंह पिता संतोष गोंड़, उम्र-24 वर्ष, अविवाहित, जाति-गोड़ (वर्ग-अनुसूचित जनजाति) पता बुधवारी बाजार, कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ०ग०) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 के तहत आशयित विवाह हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।उक्त विवाह के संबंध में कोई आपत्ति/दावा आदि हो अथवा कुछ कहना हो तो वे प्रकरण में सुनवाई हेतु नियत पेशी दिनांक 10/10/2025 को 2.00 बजे तक उपस्थित होकर अपनी आपत्ति/दावा आदि प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा आदि पर कोई सुनवाई/विचार नहीं किया जावेगा और यह माना जावेगा कि आपको किसी को इस संबंध में कुछ नहीं कहना है और सुनवाई का कोई और अवसर दिये बिना प्रकरण में अग्रेत्तर कार्यवाही किया जावेगा।

**विवाह अधिकारी**
**जिला कोरबा (छत्तीसगढ़)**




**TOP IN KORBA**

**GURUKRIPA COLLEGE** ADMISSION GUIDENS 2025-26 SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, रविवार 21 सितंबर 2025
दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 सभी जनपदों की पंचायतों में बनाए जा रहे अटल डिजिटल केन्द्र




## खबर संक्षेप

### डाटा एंट्री ऑपरेटर के खिलाफ सेवा समाप्ति की कार्यवाही

**कोरबा।** छात्रावास और आश्रमों में निर्माण, नवीनीकरण और अन्य कार्यों के लिए 2 करोड़ 90 लाख 95 हजार 904 रुपए का भुगतान लेकर 3 करोड़ 83 लाख 28 हजार के स्वीकृत 34 निर्माण कार्य लटकाने के मामले में फर्मों जिम्मेदार अधिकारियों पर एफआईआर के बाद संबंधित कार्यों के अभिलेख,कार्य आदेश, प्राक्कलन, तकनीकी स्वीकृति, माप पुस्तिका, देयक व्हाउचर से संबंधित मूल नस्ती एवं दस्तावेज कार्यालय से उपलब्ध नहीं होने के मामले में शाखा प्रभारी के द्वारा नस्ती गुम होने के मामले में दिए गए बयान संलिप्तता पाए जाने पर एफआईआर दर्ज होने के उपरांत सहायक आयुक्त ने डाटा एंट्री ऑपरेटर (संविदा) कुश देवांगन की सेवा समाप्त कर दी है।

### जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी 23 को करेगी आंदोलन

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ में बिजली बिलों में हुई बेतहाशा वृद्धि और प्रदेश सरकार द्वारा बिजली बिल हाफ योजना को बंद करने के फैसले ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है। इसी के खिलाफ अब जनता की आवाज बनकर जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी ने राज्यव्यापी आंदोलन का बिगुल फूंक दिया है। पार्टी ने इसे जबर गोहार आंदोलन का नाम दिया है, जिसके तहत 23 सितंबर को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में विशाल धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। ऊर्जाधानी के नाम से विख्यात कोरबा में यह प्रदर्शन सुबह 10 बजे आईटीआई रामपुर स्थित तानसेन चौक पर आयोजित होगा, जिसके बाद राज्यपाल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जाएगा। जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के जिलाध्यक्ष जैनेन्द्र कुर्रे ने सरकार पर जनविरोधी होने का आरोप लगाते हुए कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बिजली उत्पादन में अग्रणी राज्य होने के बावजूद छत्तीसगढ़ की जनता बिजली बिलों की मार से त्रस्त है। सरकार का यह कदम सीधे-सीधे आम जनता की जेब पर डाका है। 23 सितंबर का 'जबर गोहार' आंदोलन सरकार को जनता की ताकत का एहसास कराएगा।

### डिजिटल ट्रांसफॉर्मिंग वन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**कोरबा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम कन्या शाला साडा में डिजिटल ट्रांसफॉर्मिंग वन कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। यह पहल छात्राओं को डिजिटल तकनीक, साइबर सुरक्षा एवं आधुनिक आईटी कौशल से सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रारंभ की गई थी। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य रणधीर सिंह की मार्गदर्शन से हुआ। प्रशिक्षण के दौरान छात्राओं को डिजिटल अवेयरनेस, एमएस ऑफिस, साइबर सिक्योरिटी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्हें प्रशिक्षित किया गया ताकि वे डिजिटल प्लेटफार्म का सुरक्षित, जिम्मेदार एवं प्रभावी उपयोग कर सकें। इस दौरान ट्री प्लांटेशन अभियान से पर्यावरण संरक्षण की भावना को बल मिला।

# अब कोल कर्मियों को देश के 44 अपोलो हॉस्पिटल में मिलेगी इलाज की सुविधा

## सीजीएचएस दर के बजाय टैरिफ आधारित बिलिंग पर होगा इलाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

कोल इंडिया प्रबंधन ने अपने अनुषंगी कंपनियों में कार्यरत कोल कर्मियों व सेवानिवृत्त कोल कर्मियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने एक नई पहल की है। अब कोल कर्मियों व सेवानिवृत्त कोल कर्मियों व उनके आश्रिमों को देश के 44 अपोलो अस्पताल में ईलाज की सुविधा मिलेगी। लंबे समय से श्रमिक संगठनों द्वारा इसे लेकर आवाज उठाई जा रही थी।

कोयला कामगारों के लिए अच्छी खबर है। कोल इंडिया ने अपने 50वें साल का उत्सव मना रहा है। ऐसे में उसकी ताकत कोयला कर्मचारी हैं। उन्हें बेहतर सुविधा कैसे मिले इसको लेकर उच्च प्रबंधन ने कई कल्याणकारी निर्णय लिए हैं। कोल इंडिया के मौजूदा 2 लाख 20 हजार कर्मी व 5 लाख 50 हजार सेवानिवृत्त कर्मियों व उनके आश्रित परिजन को अब अपोलो अस्पताल में सीधे इलाज कर सकेंगे। कोल इंडिया लिमिटेड और अपोलो हॉस्पिटल्स के बीच गुरुवार को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस एमओयू के तहत कोयला कर्मचारियों और सेवानिवृत्त को भी स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिलेगा। एमओएमओयू के दौरान कोल इंडिया के निदेशक मानव संसाधन डॉ.विनय रंजन, अपोलो हॉस्पिटल्स के अध्यक्ष डॉ.पीसी रेड्डी, प्रबंध निदेशक सुनीता रेड्डी की उपस्थित थी। इस समझौते की खास बात यह है कि सीजीएचएस दर के बजाय टैरिफ आधारित बिलिंग पर इलाज होगा। अपोला सीजीएचएस दर पर समझौता करने के लिए तैयार नहीं है। इसी कारण वे कोल इंडिया के पैनल में भी नहीं शामिल था। अब उपचार के लिए अपोलो अस्पताल पहुंचने वाले किसी भी कोल कर्मी को वापस लौटना नहीं पड़ेगा। अपोलो के 44 अस्पतालों में इलाज की सुविधा मिलेगी। इस समझौते की खास बात यह है कि सीजीएचएस दर के बजाय टैरिफ आधारित बिलिंग पर इलाज होगा।

### खास बातें

- 2 लाख 20 हजार कोल कर्मियों व 5 लाख 50 हजार सेवानिवृत्त कर्मियों व आश्रितों को मिलेगा लाभ



### कर्मिचारियों के हित के लिए हो रहा बेहतर कार्य

कोल इंडिया निदेशक मानव संसाधन डॉ.विनय रंजन ने कहा कि कोयला कर्मचारियों के बेहतरी के लिए हर स्तर पर काम कर रही है। अपोलो अस्पताल में इलाज को लेकर विचार विमर्श किया जा रहा था। अपोलो अस्पताल में कर्मियों को इलाज के व्यवस्था नहीं थी। कर्मचारियों और सेवानिवृत्त लाभार्थियों के लिए स्वास्थ्य सेवा बेहतर हो इसको लेकर प्रबंधन लगातार प्रयास में लगा रहता है। कोल इंडिया के इतिहास में पहली बार एमओयू रेट पर इलाज होगा। अपोलो हॉस्पिटल्स के साथ इस ऐतिहासिक सहयोग पर गर्व है, इससे कर्मियों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा मिलेगी। अपोलो के दूरदर्शी नेतृत्व में यह पहल कोल इंडिया के स्वास्थ्य सेवा स्थापित करेगी।

## बोनस राशि अब 93 हजार 750 रूपए तक जा पहुंची

# मिठाई के साथ बख्शीश से शुरूआत अब बोनस का बजट डेढ़ हजार करोड़ रुपए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

धनबाद में निजी खान मालिकों द्वारा कोयला मजदूरों को दुर्गापूजा पर बख्शीश देने की परंपरा अब बोनस के रूप में बदल गई है। पिछले 15 सालों में बोनस में लगातार वृद्धि हुई है। वर्ष 2024 में कोयला कर्मियों को 93,750 रुपए बतौर बोनस राशि का वितरण किया गया था। इस वर्ष भी कोल कर्मियों को लगभग 1 लाख रूपये तक बोनस मिलने की संभावना है। 23 सितंबर को दिल्ली में आयोजित मानकीकरण समिति की बैठक में बोनस राशि पर फैसला लिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि निजी खान मालिकों ने कोयला मजदूरों के लिए दुर्गा पूजा पर मिठाई के डिब्बे के साथ सवा रुपए की बख्शीश की जो परंपरा शुरू की थी, वहीं आज बोनस (प्रॉफिट लिंक्ड रिवार्ड) है। बोनस का कोल सेक्टर में खासा आकर्षण है। बोनस का बजट लगभग डेढ़ हजार करोड़ है। दुर्गा पूजा पर कोयलांचल में बोनस भुगतान का इंतजार किया जाता है। महीने भर से बोनस राशि को लेकर कयासों का दौर शुरू हो जाता है। कितना मिलेगा, कब तक भुगतान होगा आदि पर चर्चा जारी रहती है। निजी मालिकों के दौर में कोलियरियों में काम करने के लिए मजदूर नहीं मिलते थे। खनन को खतरनाक माना जाता था, हादसे भी बहुत होते थे। दुर्गा पूजा में मजदूर भाग नहीं जाएं, इसलिए पूजा के ठीक पहले बख्शीश दी जाती थी। बख्शीश के लिए मजदूर रुक जाते थे। यही बख्शीश राष्ट्रीयकरण के बाद बोनस के रूप में भुगतान किया जाने लगा। जब कोयला खदानों का राष्ट्रीयकरण किया तो बोनस का आकर्षण बढ़ने लगा, हर साल बोनस में वृद्धि होने लगी। पिछले 15 साल के आंकड़े पर गौर करें तो वर्ष 2011 में 21 हजार रुपए बोनस कोयला कर्मियों को मिली थी तो जो वर्ष 2024 में बढ़कर 93 हजार 750 रुपए हो गई। 22 सितंबर को दिल्ली में कोल इंडिया मानकीकरण समिति की बैठक में बोनस पर निर्णय होना है। कोयलाकर्मी 22 सितंबर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### खास बात

- कोल कर्मियों को पहले निजी खान मालिकों द्वारा दुर्गा पूजा पर मिठाई के साथ दी जाती थी बक्शीश


फाइल फोटो

### ठेका श्रमिकों का बढ़ रहा दबाव

बोनस राशि वितरण को लेकर ठेका श्रमिकों द्वारा श्रमिक संगठनों पर भी हर वर्ष दबाव बनाया जाता है। कोल कंपनियों में विभागीय मजदूरों की संख्या लगातार घट रही है और ठेका मजदूरों की संख्या बढ़ रही है। विभागीय मजदूरों की तरह ठेका मजदूरों को बोनस का भुगतान नहीं किया जाता है। ठेका मजदूरों को लेकर श्रमिक संगठनों पर दबाव है। आउटसोर्सिंग कंपनियों के साथ-साथ कोल कंपनियों में भी ठेके पर काफी कर्मी हैं। दुर्गा पूजा में कोयला क्षेत्रों में काम करने वाले विभागीय कर्मियों की बोनस मिलने से बल्ले-बल्ले रहती है। वहीं ठेका मजदूर मायूस रहते हैं। यही वजह है कि ठेका श्रमिकों के द्वारा श्रमिक संगठनों पर दबाव बनाया जाता है।

### कब कितना मिला बोनस

| वर्ष | बोनस राशि |
|---|---|
| 2011 | 21,000 |
| 2012 | 26,000 |
| 2013 | 31,500 |
| 2014 | 40,000 |
| 2015 | 48,500 |
| 2016 | 54,000 |
| 2017 | 57,000 |
| 2018 | 60.500 |
| 2019 | 64,700 |
| 2020 | 68,500 |
| 2021 | 72,500 |
| 2022 | 76,500 |
| 2023 | 85,500 |
| 2024 | 93,750 (राशि रुपए में) |

# पड़ोसियों ने मिलकर युवक को उतारा मौत के घाट


घटना स्थल पर लगी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में पिटाई से एक युवक की मौत हो गई। ग्राम साजा पानी के रहने वाले शत्रुघ्न चौहान 44 वर्ष पर आरोपी था कि वह पड़ोसी की पत्नी पर बुरी नजर रखता है। जिसके बाद पड़ोसियों ने मिलकर उसे इतना मारा कि उसकी जान ही चली गई।

मामला उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम साजापानी का है। जहां पड़ोसी दंपति उत्तरा चौहान और जानकी चौहान ने शत्रुघ्न को घर में पकड़ लिया। उन्होंने उसके हाथ-पैर बांधकर बेरहमी से पिटाई की। गंभीर हालत में 112 की मदद से उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया जा रहा था। इसी दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतक का आपराधिक इतिहास रहा है, 4 साल पहले वह अपनी पत्नी की हत्या के मामले में जेल जा चुका था। जमानत पर छूटने के बाद से वह पड़ोसी की पत्नी की तांकझांक करता था। पीड़िता ने इसकी शिकायत अपने पति से की। मृतक के बेटे निखिल ने बताया कि वह और उसका छोटा भाई मां की मौत के बाद बुआ के साथ रहते हैं। उसके दोस्तों ने फोन कर बताया कि उसके पिता को पड़ोसी पिटाई कर रहे हैं। जब वह मौके पर पहुंचे तब उसके पिता जीवित थे। कोरबा सीएसपी भूषण एक्का के अनुसार दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

# रीवापार एनीकट से बरामद हुआ लापता जेसीबी चालक का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो दिन पहले नहर में गिरी जेसीबी मशीन के ड्राइवर का शव बरामद कर लिया गया है। मृतक की पहचान सन्डैल के रहने वाले अमित पटेल के रूप में हुई है, घटना 18 सितंबर की रात की है। नहर किनारे काम कर रही जेसीबी अनियंत्रित होकर पानी में गिर गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक ने पहले वाहन को बाहर निकालने का प्रयास किया। लेकिन रिवर्स लेते समय जेसीबी दोबारा नहर में पलट गई। मौके पर मौजूद बाइक सवार युवकों ने इस पूरी घटना का वीडियो बनाया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि वाहन को नहर से बाहर निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन दूसरी बार गिरने के बाद तेज बहाव में चालक बह गया। कोरबा सीएसपी भूषण एक्का के अनुसार नगर सेना और पुलिस की टीम लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी थी। घटना के बाद पुलिस और प्रशासन द्वारा लगातार रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा था। 36 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार रीवापार एनीकट के पास से लापता जेसीबी चालक अमित पटेल का शव बरामद कर लिया गया। शव मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, परिवार में कोहराम मच गया है। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है।

### खास बात

- 36 घंटे चला रेस्क्यू ऑपरेशन जेसीबी समेत नहर में बहा था चालक


पुलिस द्वारा बरामद शव को देखता हुआ परिजन।

# अधूरी पड़ी सिंचाई योजनाओं को पूरा करने अब शुरु होगा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्यमंत्री के घोषणा के बाद जिले में अधूरी पड़ी सिंचाई योजनाओं को पूरा करने के लिए शासन की ओर से भेजे गए पुराने प्रस्ताव को स्वीकृति मिलने के साथ अब नहरों के मरम्मत और नवनिर्माण का काम भी होगा। करतला विकासखंड में 6 करोड़ 33 लाख की स्वीकृति मिली है। जहां दो बड़ी योजनाओं को पूरा किया जाएगा।

खेतों तक अब पानी पहुंचाने के लिए जर्जर नहर के मरम्मत के लिए लंबे समय से विभाग के द्वारा प्रस्ताव तैयार किया गया था। बजट के आभाव के कारण नहरों के मरम्मत और नवनिर्माण के कार्य शुरु नहीं हो सके हैं। अपने कोरबा प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश की अधूरी पड़ी सिंचाई योजनाओं को पूरा करने के लिए एक बड़ी राशि की घोषणा की थी जिसमें कोरबा जिला भी शामिल हैं। जिसमें पाली, कटघोरा, करतला ब्लॉक लंबित पड़ी सिंचाई योजनाओं को पूरा करने के लिए राशि मिली है। जिसमें करतला ब्लॉक के दो बड़ी योजनाएं शामिल हैं। 6 करोड़ 33 लाख 60 हजार रुपए इन योजनाओं के लिए स्वीकृत किया गया है। इस राशि से नहरों के मरम्मत और नवनिर्माण काम पूरा होने के बाद 223 हेक्टेयर की सिंचाई हो सकेगी। करतला ब्लॉक के नवापारा जलाशय योजना के लिए 99 लाख 9 हजार स्वीकृत हुए हैं। 67 हेक्टेयर की सिंचाई और बढ़ेगी जो अब तक नहीं बढ़ेगी। इसके अलावा 17 हेक्टेयर की और सिंचाई होगी। इस तरह 340 हेक्टेयर फसल की सिंचाई नवापारा जलाशय से हो सकेगी। वहीं कटघोरा ब्लॉक में सलिहानाला एवं कोलिहामुड़ा एनीकट कार्य हेतु 3 करोड़ 34 लाख 51 हजार रुपए की राशि स्वीकृत हुई है। इस योजना के पूरा होने से 60 हेक्टेयर रबी और 15 हेक्टेयर खरीफ की फसल सिंचित हो सकेगी।

### खास बात

- करतला ब्लाक को 6 करोड़ 33 लाख की मिली स्वीकृति
- भेजे गए प्रस्ताव को राज्य शासन से मिलने लगी है हरी झंडी


फाइल फोटो

### छुरी जलाशय का भी होगा जीर्णोद्धार

सिंचाई योजनाओं के लिए शासकीय राशि की स्वीकृति मिलने के बाद छुरी जलाशय से निकलने वाली छोटी छोटी शाखा नहर के मरम्मत का काम भी किया जा सकेगा। जो कि इस क्षेत्र की बहुप्रतिक्षित मांग थी। पूर्व में जीर्णोद्धार का कार्य किए जाने के बाद भी खेतों तक पानी नहीं पहुंचा था। छुरी के आसपास का क्षेत्र धान की फसल के लिए पहचाना जाता है लेकिन जलाशय में पानी होने के बावजूद भी नहर की मरम्मत नहीं होने कारण पानी का उपयोग नहीं हो पा रहा था।


## शिक्षकों के लिए शौचालय की भी सुविधा नहीं करा सका है शिक्षा विभाग

# एक करोड़ से बन रहे कम्प्यूटर एवं पुस्तकालय कक्ष का काम अधूरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विकासखंड पाली के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मदनपुर में संचालित हाई सेकेंडरी स्कूल में शिक्षा व्यवस्था का विस्तार करते हुए 1 करोड़ की लागत से कम्प्यूटर कक्ष, पुस्तकालय कक्ष सहित शौचालय का निर्माण कार्य चल रहा था जो अब तक अधूरा पड़ा है। शिक्षकों के लिए शौचालय की भी व्यवस्था नहीं की गई है। ग्रामीणों की मांग पर 5 साल पहले हाई स्कूल की सौगात मिली है जहां डेढ़ सौ बच्चे अध्यनरत हैं।

बेहतर शिक्षा व्यवस्था के लिए राज्य शासन द्वारा स्कूल भवन निर्माण हेतु लगातार राशि खर्च की जा रही है किंतु स्थानीय निर्माण एजेंसी एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों के द्वारा निरीक्षण नहीं किए जाने की वजह से शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर ग्रहण लगा हुआ है। इसका उदाहरण पाली विकासखंड के ग्राम पंचायत मदनपुर हाई स्कूल है। जहां कम्प्युटर कक्ष, पुस्तकालय कक्ष और शौचालय की स्वीकृति मिली थी। शिक्षा विभाग ने इसके लिए प्रस्ताव तैयार करवाया और राशि भी स्वीकृति हुई। पंचायत को निर्माण एजेंसी बनाया गया और कार्य भी शुरु हुआ लेकिन आज तक पूरा नहीं हुआ। विभागीय अधिकारियों ने निर्माण कार्य के पूरा होने को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने भी स्कूल चल रहे निर्माण कार्य को पूरा करने के लिए निरीक्षण करना भी जरुरी नहीं समझा। यहां डेढ़ सौ छात्रों के लिए प्राचार्य सहित 7 शिक्षक पदस्थ हैं जिनमें महिला शिक्षक भी शामिल हैं। किंतु शौचालय जैसी मूलभूत सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। स्कूल में साफ सफाई के लिए भृत्य और सफाई कर्मी की भी पदस्थापना नहीं की गई है जबकि डीएमएफ से कई स्कूलों में भृत्य और सफाई कर्मी की भर्ती की गई है। किंतु मदनपुर हाई स्कूल इस भर्ती से वंचित रह गया है।


अधूरा पड़ा कम्प्यूटर एवं पुस्तकालय भवन।

### हैंडपंप से नहीं मिलता पानी

स्कूल परिसर में पेयजल की सुविधा के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के द्वारा बोर खनन कर सबमर्शिबल पंप लगाया गया था लेकिन उक्त हैंडपंप से दो बाल्टी पानी नहीं मिलता। पीएचई विभाग को इसके लिए ग्रामीणों के द्वारा सूचित भी किया गया। विभाग के एसडीओ के द्वारा ग्रामीणों को कहा कि आवेदन दे दो मैं साइन कर के भेज दूंगा। स्कूल परिषद में सुरक्षा के लिए बनाई गई बाउंड्रीवाल भी कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गई है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### नृत्यांगना इशिता को मिला प्रणवम कला ललिता अवॉर्ड

**कोरबा।** बीते दिनों बिलासपुर के कृषि विश्वविद्यालय कोनी में राष्ट्रीय नृत्य संगीत प्रतियोगिता प्रणवम का आयोजन किया गया था, जिसका आयोजन साईं नृत्य निलायम के तत्वाधान में आयोजित किया गया था जहां 7 हजार प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इशिता को कत्थक नृत्य के विशेष प्रस्तुति के लिए आमंत्रित किया गया था। 6 दिनों तक चलने वाली इस प्रतियोगिता के चौथे दिन इशिता की प्रस्तुति रखी गई थी जहां इशिता के उपलब्धियां को देखते हुए उसे प्रणवम कला ललिता अवार्ड से सम्मानित किया गया। इशिता ने अपने नृत्य की शुरुआत देवी स्तुति जय जय जग जननी से प्रारंभ की और अनेक बोल बंदिशें और 150 चक्कर के परण के साथ अपने नृत्य को विराम दिया। चक्रधर समारोह में अपने कथक नृत्य की शानदार प्रस्तुति दे चुकी हैं। इशिता केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 एनटीपीसी में कक्षा 7वीं की छात्रा हैं इनके पिता रघुनंदन सिंह कश्यप एवं माता अनिता कश्यप हैं।

### आज देवपहरी पहुंचेगा ज्योतिकलश

**कोरबा।** गौमुखी सेवाधाम देवपहरी में हिंगलाजगढ़ निर्माणाधीन मंदिर की प्राण-प्रतिष्ठा हेतु भारत के पाँचों शक्तिपीठों उत्तर में जम्मू-कश्मीर स्थित माँ वैष्णो देवी, दक्षिण में कांचीपुरम स्थित माँ कामाक्षी देवी, पूर्व में असम स्थित माँ कामाख्या देवी, पश्चिम में पावागढ़ (गुजरात) स्थित माँ कालिका देवी तथा बलूचिस्तान स्थित माँ हिंगलाज भवानी से विशेष रूप से यह ज्योत कलश कोरबा लाए जा रहे हैं जिसका विधिवत पूजन-अर्चन कर देवपहरी में स्थापना की जाएगी। शनिवार को इन पाँचों शक्तिपीठों से आने वाले ज्योत कलश शाम 5 बजे सप्तदेव मंदिर पहुँचेगी। यह अवसर पूरे नगर के लिए धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से ऐतिहासिक होगा। श्री सप्तदेव मंदिर के प्रमुख ट्रस्टी अशोक मोदी ने समस्त भक्तजनों एवं नगरवासियों से सविनय आग्रह किया है कि वे इस पुण्य अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में मंदिर पहुँचकर ज्योत कलश का दर्शन करें और पुण्यलाभ प्राप्त करें। मोदी जी ने बताया कि मंदिर में विशेष भजन-कीर्तन एवं जसगीत का आयोजन होगा, जो रात्रि 8.30 बजे से 10.30 बजे तक होगा। रविवार को प्रातः 9.30 बजे ज्योत कलश यात्रा श्री सप्तदेव मंदिर से देवपहरी के लिए प्रस्थान करेगी। इस यात्रा को पारंपरिक ढंग से बाजे-गाजे, ढोल-नगाड़ों और भजन-कीर्तन के साथ रवाना किया जाएगा। मंदिर ट्रस्ट ने इस अवसर पर भी भक्तों से भारी संख्या में उपस्थित होकर इस दिव्य यात्रा का हिस्सा बनने का आग्रह किया है।

### मुख्य चिकित्सालय कोरबा पूर्व में सेवा पर्व का शुभारंभ




**कोरबा।** डीएसपीएम में 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पर्व/ पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस क्रम में कोरबा पूर्व स्थित मुख्य चिकित्सालय में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सेवा पर्व का शुभारंभ मुख्य अभियंता (उत्पादन) संजीव कंसल, अतिरिक्त मुख्य अभियंता राजेश्वरी रावत, विजय सेन

## छोटे-छोटे नकद राशि का किया जा सकेगा ट्रांजेक्शन

# सभी जनपदों की पंचायतों में बनाए जा रहे अटल डिजिटल केन्द्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के जनपद पंचायतों के अंतर्गत बड़ी एवं नेटवर्किंग वाली ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल केन्द्र बनाए जा रहे हैं। जहां शासकीय योजनाओं के छोटी छोटी नकद राशि का ट्रांजेक्शन किया जा सकेगा। जिसके लिए ग्रामीण अंचलों को ब्लॉक मुख्यालय या जिला मुख्यालय आना पड़ता था। इस सुविधा के शुरू होने से दूरस्थ क्षेत्र के छोटी ग्राम पंचायतों के ग्रामीण बड़ी ग्राम पंचायतों में आकर डिजिटल केन्द्र से अपने काम करा सकेंगे।

**खास बात**

- नेटवर्किंग वाले ग्राम पंचायतों को पहले दी जा रही प्राथमिकता

ग्राम पंचायतों के निवासियों को अब अपनी शासकीय राशि के लिए जिला और ब्लॉक मुख्यालय आने की आश्यकता नहीं पड़ेगी। राज्य शासन की ओर अटल डिजिटल केन्द्र योजना लागू की गई है। सभी जनपद के अंतर्गत 30-30 अटल डिजिटल केन्द्र बनाने की स्वीकृति मिली है। जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को इसके संबंध में वर्कशॉप आयोजित कर जानकारियां भी दी गई है। प्रत्येक अटल डिजिटल केन्द्र में एक डाटा एंट्री ऑपरेटर भी बैठेगा। इसके अलावा ग्राम पंचायतें इसका संचालन करेंगी, जिसका मानदेय भुगतान भी किया जाएगा। पांच हजार की आबादी वाले ग्राम पंचायतों को पहले चरण में इस योजना में शामिल किया गया है। कोरबा जनपद पंचायत अंतर्गत 4 डिजिटल केन्द्र शुरू हो चुके हैं।




**मिली है स्वीकृति**

जनपद पंचायत कोरबा के अंतर्गत 30 अटल डिजिटल केन्द्र बनाए जाएंगे, 4 सक्रिय हो गए हैं, जिसमें सभी तरह के कार्य हो रहे हैं। इन केन्द्रों के लिए भवन की भी मांग की गई है ताकि इन्हें और अच्छे ढंग से व्यवस्थित किया जा सके।

**-गोस्वामी गवेल,**
सीईओ, जनपद पंचायत, कोरबा

**ये काम हो सकंगे**

शासकीय योजनाओं की छोटी छोटी नकद राशि, पेंशन, केसीसी ऋण सहित दस्तावेज रिकार्ड संधारण के साथ शासकीय योजनाओं के ऑनलाईन आवेदन जमा हो जाएंगे। इनमें महतारी वंदन योजना के आवेदन के साथ ऑनलाईन आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र के भी काम किए जाएंगे। लेकिन मुख्य कार्य शासकीय योजनाओं से मिलने वाली नकद राशि के हस्तांतरण का ही रहेगा। अधिकारियों की मानें तो यह एक स्मॉल बैंक की तरह काम करेगा।

**सीएससी सेंटर में होते थे परेशान**

ग्रामीण अपने नकद राशि भुगतान के संबंध में सीएससी सेंटर आते थे। जहां उन्हें एकमुश्त राशि भुगतान करने के बाद भी समस्या का सामना करना पड़ता था। कई बार सीएससी सेंटर में भी ग्रामीणों के काम नहीं हो पाते थे। ग्रामीणों की सुविधा के लिए सहकारी समितियों में भी सीएससी सेंटर शुरू किया जाना था, लेकिन डाटा एंट्री ऑपरेटर की भर्ती नहीं होने से ये अभी भी पूरी तरह से संचालन में नहीं आ सके हैं। अब ग्राम पंचायतों में अटल डिजिटल केन्द्र शुरू होने से ग्रामीणों को इस सुविधा का लाभ मिला है, जिसके लिए जनपद पंचायतों के अधिकारियों ने ग्राम पंचायतों के सरपंचों की बैठक ली थी।

इसी तरह जनपद पंचायत करतला में भी 5 डिजिटल केन्द्रों को शुरू किया जा चुका है। पाली और पोड़ीउपरोड़ा में अभी अटल डिजिटल केन्द्र शुरू होने की स्थिति में आ गए हैं। यहां सबसे बड़ी समस्या बिजली और नेटवर्क नहीं रहने की रहती है, जिसकी वजह से अटल डिजिटल केन्द्र शुरू होने में तकनीकी दिक्कतें सामने आ रही है।

## भरभरा कर गिरा मुक्तिधाम का शेड, बाल-बाल बचे बच्चे


शेड गिरने के बाद मुक्तिधाम। (इनसेट में पूर्व की स्थिति में।)

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा नगर प्रशासन की एक और बड़ी लापरवाही सामने आई है, जिसमें मुक्तिधाम का शेड भरभरा कर गिर गया। इस संबंध में 9 माह पहले पूर्व सदस्य सहित वर्तमान पार्षद ने इसकी जर्जर स्थिति के सम्बन्ध मे नगर प्रशासन सहित कलेक्टर को पत्र लिखकर अवगत करा दिया था, लेकिन शायद प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतिजार कर रही थी।

जिले के नवगठित नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा से एक बड़ी खबर सामने आई है। सुबह लगभग 8 बजे बनवारी साइड अंबेडकर नगर स्थित पूर्ण रूप से जर्जर हो चुके मुक्तिधाम का प्रतीक्षा भवन अचानक भरभरा कर गिर गया। घटना का सूखद पहलू यह रहा कि किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई। शुक्रवार की सुबह मैदान में बच्चे क्रिकेट खेल रहे थे इसी दौरान 3 बच्चे इसी प्रतीक्षा भवन के नीचे बैठे हुए थे,अचानक भयंकर आवाज के साथ भवन का छत भरभरा कर गिरने लगा, बच्चे समय रहते वहां से भाग चुके थे। घटना का सूखद पहलू यह रहा कि किसी भी प्रकार की कोई भी जनहानि नहीं हुई। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के मनोनीत सदस्य एवं वर्तमान पार्षद अश्विनी मिश्रा के द्वारा जागरूक जनप्रतिनिधि होने के नाते प्रमुखता के साथ मुक्तिधाम के प्रतीक्षा भवन की स्थिति को देखते हुए मरमत कार्य के लिए 19 दिसंबर 2024 को नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा के सीएमओ पत्र लिख कर जर्जर हुऐ शेड की जानकारी दी थी, जिसमें कोई दुर्घटना न घटे और निर्माण कार्य करने की दिशा में पहल करने की आग्रह की गई थी। जिसकी प्रतिलिपि कटघोरा विधायक,कोरबा कलेक्टर,कटघोरा एस.डी.एम एवं बांकीमोंगरा के थाना प्रभारी को भी दी गई थी।

## लोनर हाथी ने अधेड़ व्यक्ति को पटककर किया घायल


घायल वृद्ध।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा वन मंडल के पसान रेंज अंतर्गत ग्राम तनेरा जलके सर्किल में शनिवार की सुबह एक हादसा घटित हो गया। लगभग सुबह 4 बजे तनेरा गांव के निवासी शिवराम पिता धन सिंह पटेल पारा दिशा मैदान के लिए निकले थे। इसी दौरान उनका सामना अचानक एक लोनर हाथी से हो गया। हाथी को देखकर घबराए शिवराम ने भागने की कोशिश की, लेकिन हाथी ने शिवराम को अपनी सूंड से पटक दिया, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही परिक्षेत्र सहायक अधिकारी अयोध्या प्रसाद सोनी, वनरक्षक सुरेश कुमार यादव तथा गजराज दल की टीम मौके पर पहुंची और तत्काल घायल को इलाज के लिए अस्पताल रवाना किया गया। ग्रामीणों में हाथियों की लगातार बढ़ती आवाजाही और चिंघाड़ से दहशत का माहौल बना हुआ है।

## सीएमएचओ ने स्वास्थ्य संस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन केशरी के द्वारा जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों तथा उप स्वास्थ्य केन्द्रों सुदृढिकरण के लिए निरीक्षण किया जा रहा है। 18 सितंबर को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द पोंड़ी-उपरोड़ा, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोरबी एवं सिरमिना का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होने अधिकारियों कर्मचारियों का उपस्थिती रजिस्टर, ओपीडी, आईपीडी, प्रसव कक्ष, पीएनसी कक्ष दवा वितरण कक्ष, दवा भंडार कक्ष पैथोलॉजी कक्ष, मरीजों के रसोईघर तथा वैक्सीनशन कक्ष का निरीक्षण किए। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केद्र पोड़ी उपरोड़ा में आभा आईडी जेनरेट नहीं करने पर निर्देश दिया कि मितानिनों को निर्देशित किया, जावे कि वे हितग्राहियों को आभा आईडी के बारे में प्रोत्साहित करें और आभा आईडी बनवाने में सहयोग करे। उन्होंने ओपीडी पर्ची के काउंटर स्लीप में नाम लिखने, ओपीडी रजिस्टर में फ्री तथा पेड मरीजों का अलग-अलग कॉलम बनाने के लैब में बायोकेमेस्ट्री मशीन बन्द पाये जाने पर मेडिसिटी से संपर्ककर सुधरवाने, सभी लैब के उपकरण/सामग्री में मेडीसिटी का लेबल लगाने, विद्युत व्यवस्था, इनर्वटर की जानकारी देने, नेक्ट जेन के सभी माड्यूल पर कार्य करने, सभी विभागों में कम्प्यूटर पदान करने, भंडार की दवाईयों का निरीक्षण कर 3 महीने में कालातीत होने वाली दवाईयों की लिस्ट बनाने तथा समयपूर्व उपयोग करने, मरीजों को दिये जाने वाले भोजन की गुणवत्ता बनाये रखने तथा उसका रजिस्टर संधारित करने के निर्देश दिए। साथ ही बुखार के मरीज को पीएनसी वार्ड में रखने पर सामान्य वार्ड में रखने के निर्देश दिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिरमिना कर निरीक्षण के दौरान बायोमेडिकल वेस्ट के उचित निपटान, अस्पताल संचालन का समय निर्धारण शासन के समय अनुसार करने 6 बिस्तर के अस्पताल को सीजीएमएससी के संपर्क कर आधिपत्य में लेने, लेबर वार्ड के पीछे दरवाजे से बरसात का पानी आने से बचाने के लिए गलियारे में दीवार बनाने, नए उपस्थिती पंजी व्यवस्थित तरीके से संधारित करने तथा दवाओं को व्यवस्थित तरीके से रखने के निर्देश दिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आयुष्मान आरोग्य मंदिर कोरबी के मेडिकल ऑफिसर के द्वारा उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर न करने पर नाराजगी जाहिर किए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी अधिकारियों कर्मचारियों के द्वारा आधार बेस उपस्थिती अनिवार्य है, सभी चिकित्सालयों में नेक्स्ट जेन के समस्त माड्यूल के कार्य करने, चिकित्सालय की साफ-सफाई रखने, समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लक्ष्य के अनुरूप शतप्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने के निर्देश दिये।

**खास बातें**

- भोजन की गुमवत्ता तथा उसका रजिस्टर संधारित करने के दिए निर्देश
- दवा भंडार कक्ष पैथोलाजी कक्ष, मरीजों के रसोईघर तथा वैक्सीनेशन कक्ष का भी किया निरीक्षण


निरीक्षण करते सीएमएचओ।

## अग्रवाल महिला मण्डल ने आयोजित की माला बनाओ प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

अग्रवाल महिला मण्डल द्वारा विशेष एवं रचनात्मक कार्यक्रम माला बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया और अपनी कला व रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। आयोजन स्थल पर वातावरण बेहद उत्साहपूर्ण और सौहार्द से भरा हुआ था।

प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रकार की आकर्षक और सुंदर मालाएँ बनाईं। किसी ने फूलों से प्राकृतिक खुशबू बिखेरी, तो किसी ने चमकदार सजावट से सभी का ध्यान खींचा। कई प्रतिभागियों ने पारंपरिक शैली में माला तैयार की तो कुछ ने आधुनिकता का मिश्रण दिखाकर नई मिसाल पेश की। इस अवसर पर महिला मण्डल की पदाधिकारिणियों ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और कहा कि ऐसे आयोजन न केवल महिलाओं की प्रतिभा को उजागर करते हैं, बल्कि सामाजिक एकता और सहयोग की भावना को भी मजबूत बनाते हैं।


प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी।

कड़े मुकाबले के बाद निर्णायक मंडल द्वारा परिणाम घोषित किए गए जिनमें प्रथम स्थान श्रीमती निधि गर्ग, द्वितीय स्थान श्रीमती सुनीता अग्रवाल, विजेताओं को सम्मानित करते हुए महिला मण्डल की ओर से स्मृति चिन्ह व पुरस्कार प्रदान किए गए। साथ ही सभी प्रतिभागियों की सृजनात्मकता और मेहनत की सराहना की गई। महिला मण्डल ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इसी तरह के रचनात्मक और मनोरंजक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि समाज में महिलाओं की प्रतिभा को और अधिक प्रोत्साहन मिल सके।

**काव्य गोष्ठी**

**बालको।** विश्व हिन्दी दिवस के पावन अवसर पर 14 सितम्बर को उद्गार साहित्य समिति, पावरसिटी जमनीपाली का स्थापना दिवस समारोह परमेश्वरी रेस्टोरेंट के सभागार में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि कोरबा जिले के जिला शिक्षा अधिकारी तामेश्वर प्रसाद उपाध्याय थे।



















